Headline: IIHMR University has launched a new batch: 400 new students have been welcomed into the MBA 2024-26 program, where they will gain knowledge in health management.

Print Coverage:

Date	Publication	Page No.	Edition
09.08.2024	Dainik Bhasker (Online)	Onine	All



Download App from
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
Follow us on

IIHMR यूनिवर्सिटी ने शुरू किया नया बैच: एमबीए के 2024-26 बैच के 400 नए छात्रों का किया गया स्वागत, हेल्थ मैनेजमेंट की मिलेगी नॉलेज

जयपुर 21 घंटे पहले

आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी ने विश्वविद्यालय परिसर में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया।

IIHMR यूनिवर्सिटी ने विश्वविद्यालय परिसर में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया। इसमें एमबीए प्रोग्राम के 2024-26 बैच की शुरुआत की गई। इस बैच के उद्घाटन समारोह में 400 नए छात्रों का स्वागत किया गया। इस बैच में एमबीए (हॉस्पिटल एंड हेल्थ मैनेजमेंट), एमबीए (फार्मास्युटिकल मैनेजमेंट), एमबीए (डेवलपमेंट मैनेजमेंट) और एमबीए (हेल्थकेयर एनालिटिक्स) के छात्र शामिल हैं।

एमबीए (हेल्थकेयर एनालिटिक्स) इस वर्ष शुरू होने वाला एक नया कार्यक्रम है। इस बैच के जरिए 400 छात्रों का समूह अपनी शैक्षणिक यात्रा की शुरुआत करने जा रहा है। इस वर्ष के दाखिले में 58% महिला छात्रों का नामांकन हुआ, जो विश्वविद्यालय के लैंगिक विविधता पर जोर को दर्शाता है। इसके अलावा एमबीए कार्यक्रमों के लिए छात्रों का चयन विभिन्न पृष्ठभूमियों से हुआ है, जिनमें मेडिकल, डेंटल, स्वास्थ्य, वाणिज्य, विज्ञान और कला शामिल हैं।

आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ. पी.आर. सोडानी ने कहा कि नए शामिल हुए छात्र अगले दो वर्षों के लिए आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के साथ होंगे। डॉ. सोडानी ने हेल्थ मैनेजमेंट के क्षेत्र में आईआईएचएमआर की 40 वर्षों की विरासत का जिक्र किया और देश की सेहत प्रणालियों को मजबूत करने में आईआईएचएमआर विश्वविद्यालय के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने हेल्थ मैनेजमेंट इंडस्ट्री में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए पूर्व छात्रों की भूमिका की सराहना की।

ओरिएंटेशन प्रोग्राम 5-9 अगस्त 2024 तक चलेगा

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सभी एमबीए कार्यक्रमों के पाठ्यक्रम को हर साल नई जानकारियों और ज्ञान के साथ समृद्ध किया जाता है। डॉ. सोडानी ने कहा कि छात्रों के लिए पांच दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम 5-9 अगस्त 2024 तक चलेगा, जिसमें छात्रों को विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों और आचार संहिता के बारे में बताया जाएगा।

हेल्थर्क इनसाइट्स के फाउंडर और सीईओ डॉ. पूरव गांधी ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे नवीन टैक्नोलॉजी की पूरी जानकारी हासिल करें। उन्होंने कहा कि अब आप एक ऐसे उद्योग के लिए काम करने जा रहे हैं जो हमेशा रहेगा, जो बढ़ता रहेगा, जो जीवंत रहेगा।